पंचायत आम निर्वाचन,

2021

अत्यावश्यक

राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांक – प0नि0–30–103/2021 2115

प्रेषक,

योगेन्द्र राम
सचिव

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–
जिला पदाधिकारी,
पं0 चम्पारण, किशनगंज, कैमूर, गया एवं जमुई

पटना, दिनांक – 14 अप्रैल, 2021

विषयः– पंचायत आम निर्वाचन 2021 कम्युनिकेशन शैडो जोन के संबंध में।

प्रसंगः– राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना का पत्रांक– 1563 दिनांक– 16.03.2021, पत्रांक –1777 दिनांक–23.03.2021 एवं पत्रांक –2033 दिनांक–07.04.2021

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा पंचायत आम निर्वाचन 2021, के लिए कम्युनिकेशन शैडो जोन वाले मतदान केन्द्रों की पहचान करते हुए विहित प्रपत्र में सूचना दिनांक 10.04.2021 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था ताकि उन मतदान केन्द्रों पर कम्युनिकेशन के लिए विशेष व्यवस्था की जा सके। परन्तु पं0 चम्पारण एवं गया जिला से वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है, जो खेद का विषय है।

कैमूर जिला से प्राप्त प्रतिवेदन में पंचायत निर्वाचन हेतु निर्धारित नया मतदान केन्द्र संख्या आंशिक रूप से अंकित है।

किशनगंज से प्राप्त प्रतिवेदन में पंचायत निर्वाचन हेतु निर्धारित नया मतदान केन्द्र संख्या वाले कॉलम में 4 मतदान केन्द्र अंकित है जबकि कुल नये मतदान केन्द्रों की सख्या वाले कॉलम में 2 अंकित है, जो त्रुटिपूर्ण प्रतीत हो रहा है।

जमुई जिला से प्राप्त प्रतिवेदन में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की वर्तमान मतदान केन्द संख्या एवं नाम वाले कॉलम में मतदान केन्द्र का नाम अंकित नहीं है, तथा कुल नये मतदान केन्द्र वाला कॉलम रिक्त है।

अतः अनुरोध है त्रुटि रहित वांछित प्रतिवेदन दिनांक 13.04.2021 तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

सचिव

ज्ञापांक – प0नि0–30–103/2021 2115 पटना, दिनांक 14.4.21

प्रतिलिपि – सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)–सह–जिला पदाधिकारी, (पश्चिम चम्पारण, अररिया, किशनगंज, बांका, कैमूर, रोहतास, गया, जमूई, बक्सर, सिवान, समस्तीपूर, पूर्णियाँ, अरवल, कटिहार, शिवहर, आरा, सहरसा, मुंगेर, सारण, पुर्वी चम्पारण एवं नालंदा को छोड़कर) सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि पंचायत आम निर्वाचन 2021 के लिए आपके जिला में शैडो पंचायत मतदान केन्द्र है तो उसकी सूची दिनांक 13.04.2021 तक भेजने एवं यदि जिला में शैडो जोन वाले पंचायत मतदान केन्द्र नहीं है तो शून्य प्रतिवेदन भेजने की कृपा की जाए।

सचिव

ज्ञापांक – प0नि0–30–103/2021 2115 पटना, दिनांक 14.4.21

प्रतिलिपि – सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक – प0नि0–30–103/2021 2115 पटना, दिनांक 14.4.21

प्रतिलिपि – आईटी मैनेजर को आयोग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सचिव 12/04/2021

10.04.21